आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार बुलेटिन

18.45 बुधवार                                                                 दिनांक 04.12.2024

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**मुख्य समाचार:–**

- **मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने नवा रायपुर में राज्य स्तरीय साइबर भवन का उद्घाटन किया।**
- **नई औद्योगिक नीति पर आज रायपुर में हुई कार्यशाला–सत्ताईस उद्योगों ने प्रदेश में निवेश के लिए जताई इच्छा।**
- **रायगढ़ में आज से शुरू हुई राज्य स्तरीय अग्निवीर भर्ती रैली।**
- **मौसम विभाग के अनुसार आठ दिसंबर से बस्तर संभाग और उससे लगे जिलों में हो सकती है वर्षा।**

**<u>मुख्यमंत्री–साइबर भवन</u>**

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज नवा रायपुर स्थित पुलिस मुख्यालय में राज्य स्तरीय साइबर भवन का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने साइबर अपराध की चुनौतियों और उससे निपटने के लिए राज्य सरकार द्वारा उठाए गए कदमों की जानकारी दी। कार्यक्रम में पुलिसकर्मियों के कल्याण के लिए आठ बैंकों के साथ एमओयू किया गया, जिसके तहत पुलिस अधिकारी–कर्मचारियों को विपरीत परिस्थितियों में आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने पुलिस विभाग द्वारा निर्मित समाधान मोबाइल ऐप और सशक्त मोबाइल ऐप को लांच किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने साइबर अपराधों की उत्कृष्ट विवेचना करने वाले पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को सम्मानित किया।

**<u>उद्योग मंत्री–नई औद्योगिक नीति</u>**

नवा रायपुर में आज छत्तीसगढ़ की नई औद्योगिक नीति पर आधारित कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला निर्यात प्रोत्साहन और निवेश के लिए स्टेकहोल्डर कनेक्ट को ध्यान में रखकर आयोजित की जा रही है। कार्यशाला को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि सत्ताईस विभिन्न उद्योगों ने प्रदेश में निवेश के लिए इच्छा जताई है, जिन्हें आज बत्तीस हजार करोड़ रूपये के रूलआउट ऑफ इनविटेशन टू इनवेस्ट लेटर वितरित किए गए हैं। कार्यशाला को संबोधित करते हुए उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने कहा कि नई औद्योगिक नीति से प्रदेश में बेहतर औद्योगिक वातावरण का निर्माण होगा। उन्होंने कहा कि पहली बार इस नीति के माध्यम से राज्य में पर्यटन और स्वास्थ्य जैसी सुविधाओं में निवेश को भी प्रोत्साहित करने का निर्णय लिया गया है।

**<u>मुख्यमंत्री–माओवाद समीक्षा बैठक</u>**

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में आज नवा रायपुर में माओवाद परिदृश्य पर समीक्षा बैठक हुई। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री और गृहमंत्री विजय शर्मा सहित राज्य के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में माओवाद उन्मूलन के प्रयासों की समीक्षा करने के साथ ही भविष्य की रणनीतियों पर चर्चा की गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि माओवादियों के आत्मसमर्पण के लिए जन–जागरूकता अभियान को और तेज करने की आवश्यकता है। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आत्मसमर्पित माओवादियों और माओवाद पीड़ित परिवारों के लिए पंद्रह हजार मकानों के निर्माण कार्य जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। बैठक में गृहमंत्री विजय शर्मा ने माओवादियों के वित्तीय नेटवर्क को तोड़ने की आवश्यकता पर जोर दिया।

**<u>अग्निवीर भर्ती रैली</u>**

रायगढ़ जिले में आज से राज्य स्तरीय अग्निवीर भर्ती रैली शुरू हो गई है। पहले दिन प्रदेश के सारंगढ़–बिलाईगढ़ और जांजगीर–चांपा जिले के सात सौ सत्तर युवाओं ने भर्ती रैली में हिस्सा लिया। इनमें से दो सौ पचासी युवा दौड़ में सफल हुए। इन उम्मीदवारों को अब शारीरिक प्रवीणता, कागजी कार्यवाही और मेडिकल जांच की प्रक्रिया से गुजरना होगा। पहले दिन नौ सौ सत्रह युवाओं को एडमिट कार्ड जारी किए गए थे, जिनमें से सात सौ सत्तर युवा आयोजन स्थल पर पहुंचे। सेना में भर्ती को लेकर युवाओं में खासा उत्साह देखने को मिला।

गौरतलब है कि बारह दिसंबर तक चलने वाली इस भर्ती रैली में प्रदेश के तैंतीस जिलों के आठ हजार पांच सौ छप्पन युवाओं ने सीईई परीक्षा पास की है।

**माओवादी मुठभेड़**

नारायणपुर जिले में सुरक्षा बलों और माओवादियों के बीच मुठभेड़ होने की खबर है। मिली जानकारी के अनुसार डीआरजी और बीएसएफ का संयुक्त दल अबूझमाड़ क्षेत्र में कल गश्त पर निकला था। इस बीच, आज दोपहर माओवादियों और सुरक्षा बलों के बीच मुठभेड़ होने के समाचार मिले हैं। समाचार मिलने तक मुठभेड़ रूक–रूककर जारी है।

**नौसेना दिवस**

भारतीय नौसेना की भूमिका और उपलब्धियों को मान्यता देने के लिए प्रत्येक वर्ष चार दिसंबर को नौसेना दिवस मनाया जाता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज नौसेना दिवस के अवसर पर जवानों को बधाई दी है। श्री मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि नौसेना के बहादुर जवान साहस और समर्पण के साथ देश की समुद्री सीमाओं की रक्षा करते हैं।

**राज्यपाल–पौधारोपण**

राज्यपाल रमेन डेका ने आज धमतरी प्रवास के दौरान जिला पंचायत परिषद में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत रूद्राक्ष का पौधा लगाया। इस दौरान उन्होंने लोगों से भी अधिक से अधिक पेड़ लगाने की अपील की। अपने प्रवास के दौरान राज्यपाल ने प्रधानमंत्री आवास और केंद्र की अन्य योजनाओं का निरीक्षण किया। साथ ही रुद्री बैराज और गंगरेल बांध का भी भ्रमण किया।

**बस्तर संभाग–भूकंप**

बस्तर संभाग में आज सुबह करीब साढ़े सात बजे भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूकंप का असर लगभग सात सेकेंड तक सुकमा, दंतेवाड़ा, बीजापुर, और जगदलपुर सहित कई जगहों पर महसूस किया गया। भूकंप का केंद्र तेलंगाना के मुलूगु में बताया जा रहा है। रिएक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता पांच दशमलव तीन मापी गई है। भूकंप के झटके महसूस हाने पर लोग घरों से बाहर निकल आए। फिलहाल, भूकंप से जानमाल के नुकसान की खबर नहीं ळें

**दुर्घटना**

सूरजपुर जिले के प्रतापपुर थाना क्षेत्र में कल रात हुए सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई। वहीं, दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम गोवर्धनपुर से कार में सवार होकर चार युवक अंबिकापुर जा रहे थे। इसी दौरान प्रतापपुर–अंबिकापुर मार्ग में गोटगवां के पास तेज रफ्तार पिकअप और कार के बीच आमने–सामने की टक्कर हो गई। इस दुर्घटना में कार में सवार तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, दो अन्य लोग घायल हो गए हैं, जिन्हें अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

वहीं, कोरबा जिले के पाली थाना क्षेत्र में चारपहिया एक वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। इस हादसे में छह लोग घायल हो गए हैं, जिनमें से तीन की हालत गंभीर बताई जा रही है।

**मौसम**

प्रदेश में उत्तर से ठंडी और शुष्क हवाओं के आने का सिलसिला शुरू हो गया है। वहीं, बस्तर संभाग के जिलों में बंगाल की खाड़ी से अभी भी नमी आ रही है। मौसम विज्ञानी एच.पी. चंद्रा ने आकाशवाणी समाचार को जानकारी दी। मौसम विभाग ने आठ दिसंबर को बस्तर संभाग और उससे लगे जिलों में वर्षा होने की संभावना जताई है। वहीं, नौ और दस दिसंबर को प्रदेश के अनेक जिलों में बारिश हो सकती है।

**संक्षिप्त समाचार**

– कल पांच दिसंबर को विश्व मृदा दिवस मनाया जाएगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रदेशवासियों, विशेषकर किसानों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

– मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय कल रायगढ़ में आयोजित उत्कल ब्राम्हण सम्मेलन में शामिल हुए। इस मौके पर उन्होंने उत्कल ब्राम्हण समाज के भवन निर्माण के लिए पचास लाख रूपए देने की घोषणा की।

– छत्तीसगढ़ के सौ किसानों के अध्ययन दल ने महाराष्ट्र के वर्धा में स्थापित रेशम कृषि की उन्नत तकनीक का अध्ययन किया। इन किसानों को मिट्टी, पौधे, कृमिपालन और सिंचाई सहित तकनीकी बारीकियों का प्रशिक्षण दिया गया।

– भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता शिक्षा और जागरुकता के लिए दिए जाने वाले राष्ट्रीय मीडिया अवॉर्ड के लिए मीडिया संस्थानों से दस दिसंबर तक प्रविष्टियां आमंत्रित की गई हैं।

– छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित परिवहन उप निरीक्षक के तकनीकी पदों पर भर्ती परीक्षा के लिए साक्षात्कार सत्रह दिसंबर को होगा।

– मनेन्द्रगढ़–चिरमिरी–भरतपुर जिले के मनेन्द्रगढ़ स्थित झिरिया यूजी माईंस में कोयला ब्लास्टिंग के बाद ड्रेसिंग के दौरान हुए हादसे में दो मजदूरों की मौत हो गई है।

– धमतरी जिले के नगरी ब्लॉक के टाइगर रिजर्व रिसगांव–आमाबहार में
हाथी के हमले में तीन साल की एक बच्ची की मौत हो गई।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>